# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 21.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़,जागरूक एक्सप्रेस, काशीवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

## अमर उजाला–दि0 21.12.2024

### रथयात्रा पर ओबारबा एक्सप्रेसो को किया सील

वाराणसी। दशाश्वमेध वार्ड के रथयात्रा चौराहे पर एसएंडडी मॉल के भूतल पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए ओबारबा एक्सप्रेसो के नाम से खुलने वाले प्रतिष्ठान में फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा था। जिसे टीम ने सील कर दिया। जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति की अगुवाई में कार्रवाई की गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अपील की कि बगैर नक्शा पास कराए निर्माण न कराएं। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 21.12.2024

### असि नदी की जांच के लिए नोडल नामित

वाराणसी। वीडीए की ओर से असि नदी के पुनरुद्धार के लिए राजस्व अभिलेखों की जांच होगी। इसके लिए टीम गठित कर दी गई है। इसका नोडल अधिकारी वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा को बनाया गया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार इस टीम में वीडीए, नगर निगम, राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल हैं। जो नदी के प्रवाह क्षेत्र में नदी की चौड़ाई की जांच करेंगे। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 21.12.2024

### बहुमंजिला इमारतों में लगेंगे सौर ऊर्जा संयंत्र

वाराणसी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शुक्रवार को वीडीए में कार्यशाला हुई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और सीडीओ हिमांशु नागपाल ने कहा कि बहुमंजिला समूह आवास योजनाओं में सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना की जाए। इसके लिए पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एसोसिशन, आर्किटेक्ट-इंजीनियर एसोसिएशन को निर्देश दिया गया। सीडीओ ने भवनों, प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना के बारे में जानकारी दी। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 21.12.2024

### रथयात्रा चौराहे के पास निर्माणाधीन बार सील

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने दशाश्वमेध वार्ड में रथयात्रा चौराहे पर एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में निर्माणाधीन बार को सील कर दिया है। बार का निर्माण बिना मानचित्र स्वीकृत कराये हो रहा था। उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा के तहत यह कार्रवाई की गई। इस मौके पर जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, जेई रवींद्र प्रकाश मौजूद रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 21.12.2024

### लोहिया नगर में ग्रीन बेल्ट पर निर्माण, काम रोका

- लोगों की शिकायत पर की गई त्वरित कार्रवाई
- वीडीए ने टीम भेजकर लिया एक्शन, जांच होगी

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। लोहिया नगर आशापुर में ग्रीन बेल्ट पर अवैध निर्माण का कॉलोनीवासियों ने विरोध किया है। विकास प्राधिकरण द्वारा आरक्षित ग्रीन बेल्ट की जमीन पर असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा करने के प्रयास के खिलाफ वीडीए प्रशासन से लिखित शिकायत भी की गई है। लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी शिकायत की है।

लोहिया नगर कॉलोनी के 56-बी प्लॉट के सामने ग्रीन बेल्ट में कुछ दिनों से काफी संख्या में लोगों की मौजूदगी में बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 2 से 3 फीट जमीन पर कच्ची बाउंड्री बना दी गई है।

इस संबंध में रेलवेमेन सहकारी आवास समिति लिमिटेड वाराणसी के सचिव एवं एडवोकेट राजीव सिन्हा ने कहा कि साल 1979 में रेलवे ने पुराने सारनाथ रेलवे स्टेशन की लगभग 9 एकड़ निष्प्रयोज्य जमीन को खरीदा था। इसके बाद वीडीए से मानचित्र स्वीकृत कराकर प्लॉट धारकों को आवंटित किया गया। उन्होंने कहा कि पहले भी कुछ अवांछनीय तत्वों ने कॉलोनी में ग्रीन बेल्ट एरिया में कब्जा करने का प्रयास किया था। जिसे अदालत ने रोक दिया था। कॉलोनीवासियों ने कहा कि यदि वीडीए ने अवैध निर्माण को ध्वस्त नहीं किया तो अन्य अवांछनीय तत्वों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

> लोहिया नगर में निर्माण तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया गया है। ग्रीन बेल्ट एरिया की जांच कराई जाएगी, कागजात देखकर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष वीडीए

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 21.12.2024

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर कार्यशाला

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना के संबंध में पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन एवं आर्किटेक्ट/ इंजीनियर एसोसिएशन के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी (यूपीनेडा) शशि कुमार की तरफ से केंद्र सरकार द्वारा बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं को दी जाने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि 18000 रु./केवीपी अधिकतम 500 किलोवॉट तक दी जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वाराणसी में विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गयी। इसी क्रम में उपाध्यक्ष द्वारा भी सहमती व्यक्त करते हुए बहुमंजिली समूह आवासों पर सौर ऊर्जा स्थापित कराए जाने के संबंध में अपना मंतव्य व्यक्त किया गया तथा सभी बिल्डर्स को निर्देशित किया गया कि जिन भी इमारतों का मानचित्र स्वीकृत होता है उनके प्रवेश द्वार पर मानचित्र स्वीकृति का प्रमाणपत्र क्यूआर के साथ चस्पा किया जाये, जिसे स्कैन करने पर इमारत की सम्पूर्ण जानकारी नक्शे के साथ उपलब्ध हो सके। उक्त बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार एवं सहायक अभियंता रामचंद्र तथा यूपीनेडा से गौरव कुमार उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 21.12.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व मुख्य विकाश अधिकारी कि अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग व मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना के सम्बन्ध में पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन एवं आर्किटेक्ट/इंजिनियर एसोसिएशन के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गयाद्य मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा वाराणसी में विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गयी द्य इसी क्रम में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा भी सहमती व्यक्त करते हुए बहुमंजिली समूह आवासों पर सौर ऊर्जा स्थापित कराए जाने के सम्बन्ध में अपना मंतव्य व्यक्त किया गया तथा सभी बिल्डर्स को निर्देशित किया गया कि जिन भी इमारतों का मानचित्र स्वीकृत होता है उनके प्रवेश द्वार पर मानचित्र स्वीकृति का प्रमाणपत्र क्यू0 आर0 के साथ चस्पा किया जाये, जिसे स्कैन करने पर इमारत की सम्पूर्ण जानकारी नक्शे के साथ उपलब्ध हो सके।

## ज्ञानशिखा टाइम्स—दि0 21.12.2024

### आवंटियों के समस्याओं का समाधान प्राधिकरण की प्राथमिकता

वाराणसी विकास प्राधिकरण के लालपुर आवासीय योजना (प्रथम चरण) में भूखण्ड सं0- ए-89 का आवंटन वर्ष 2020 में श्रीमती चन्द्रमुखी सिंह पत्नी भीम



सिंह ग्राम-बघावर, पोस्ट-ताहिरपुर, आजमगढ़ किया गया था, परन्तु स्थल पर विवाद होने के कारण रजिस्ट्री एवं कब्जा की कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। आवंटी विगत 04 वर्षों से परेशान होकर विभिन्न माध्यमों से लगातार समस्या के समाधान हेतु अनुरोध कर रहे थे। आज दिनांक 20.12.2024 को उपाध्यक्ष, पुलकित गर्ग, वाराणसी विकास प्राधिकरण के विशेष प्रयास से समस्या का समाधान करते हुए आवंटी को भूखण्ड सं0- ए-89 क्षेत्रफल सं0- 121 वर्गमी0 उपलब्ध कराया गया इसी प्रकार लालपुर आवासीय योजना (प्रथम चरण) में भूखण्ड सं0- ए-100 श्री हीरालाल सिंह पुत्र श्री द्वारिका सिंह को फ्री होल्ड रजिस्ट्री वर्ष- 2007 में प्राधिकरण द्वारा की गयी थी, परन्तु स्थल पर विवाद होने के कारण मौके पर कब्जा की कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। इसी हेतु आवंटी द्वारा विगत 17 वर्षों से विभिन्न माध्यमों से तथा प्राधिकरण में सम्पर्क कर समस्या के समाधान हेतु गुहार लगायी जा रही थी। आज दिनांक 20.12.2024 को उपाध्यक्ष, श्री पुलकित गर्ग, वाराणसी विकास प्राधिकरण के विशेष प्रयास से समस्या का समाधान करते हुए स्थल पर 345 वर्गमी0 भूमि का कब्जा प्रदान किया गया। इस प्रकार विगत कई वर्षों से कतिपय समस्याओं से पीड़ित 02 आवंटियों के समस्या का समाधान हो पाया। प्राधिकरण के लालपुर आवासीय योजना के आवंटियों के रजिस्ट्री एवं कब्जा विषयक समस्या के समाधान हेतु उपाध्यक्ष, पुलकित गर्ग द्वारा अपर सचिव, डॉ0 गुडाकेश शर्मा, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी की अध्यक्षता में नगर नियोजक, अधीक्षण अभियन्ता, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) तथा प्रभारी अधिकारी (अर्जन) की कमेटी गठित की गयी है। कमेटी द्वारा प्रत्येक सप्ताह बैठक कर समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया जा रहा है, जिसके क्रम में आवंटियों के समस्या का समाधान प्राधिकरण द्वारा प्राथमिकता पर किया जा रहा है। समस्या के समाधान हेतु विशेष प्रयास कर समाधान कराने के लिए उपाध्यक्ष द्वारा श्री प्रभाकर पाण्डेय, नियोजन सलाहकार, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) श्री ए0पी0 तिवारी एवं समस्त सम्पत्ति अनुभाग के कार्मिकों को सराहना करते हुए आवंटियों के समस्याओं को प्राथमिकता पर समाधान कराने के निर्देश दिये गये।

## जनसंदेश टाइम्स—दि0 21.12.2024

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली और बहुमंजिली आवास योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना के सम्बन्ध में पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन एवं आर्किटेक्ट/इंजिनियर एसोसिएशन के साथ शुक्रवार को कार्यशाला का



आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी (यूपीएनइडीए) शशी कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं को दी जाने वाली सब्सिडी की जहां जानकारी दी,वहीं 18000 रू/ के.डब्लू.पी अधिकतम 500 के.डब्लू तक दी जाने वाली धनराशि के बारे में अवगत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने शहर के विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। इसी क्रम में वीडीए उपाध्यक्ष ने भी सहमति व्यक्त करते हुए बहुमंजिली समूह आवासों पर सौर ऊर्जा स्थापित कराए जाने के बारें में अपना विचार रखा,वहीं सभी बिल्डर्सो से जिन भी इमारतों का मानचित्र स्वीकृत होता है उनके प्रवेश द्वार पर मानचित्र स्वीकृति का प्रमाणपत्र क्यू. आर. के साथ चस्पा किया जाने का निर्देश दिया। जिसे स्कैन करने पर इमारत की सम्पूर्ण जानकारी नक्शे के साथ उपलब्ध हो सके,। इस अवसर पर नगर नियोजक प्रभात कुमार एवं सहायक अभियन्ता रामचंद्र, यू.पी.नेडा से गौरव कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com



जनसंदेश टाइम्स–दि0 21.12.2024


# सारनाथ के आरक्षित ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जे की कोशिश

**आक्रोश**

**लोहिया नगर कॉलोनी के लोगों के किया विरोध तो भी नहीं माने अवैध कब्जा करने वाले**

**वीडीए की आरक्षित जमीन पर डेढ़ घंटे में ही बना दी गयी दो से तीन फीट की चहारदीवारी**

**रेलवे मेन सहकारी आवास समिति ने वीडीए उपाध्यक्ष और जिला प्रशासन से की शिकायत**



वाराणसी। आशापुर-सारनाथ रोड पर स्थित लोहिया नगर कॉलोनी के 56-बी प्लाट के सामने विकास प्राधिकरण की तरफ से आरक्षित किए गए ग्रीन बेल्ट भूमि पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने गुरुवार की रात दो से तीन फीट तक कच्ची बाउंड्री बनाकर कब्जा करने का सुनियोजित प्रयास किया है। कॉलोनी वासियों ने जब इसका विरोध किया, तो कब्जा करने वालों ने उनकी एक नहीं सुनी। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस भी कुछ देर के बाद लौट गयी, इससे कब्जा करने वालों का हौसला बढ़ा हुआ है।

इस संबंध में रेलवे मेन सहकारी आवास समिति लि. वाराणसी के सचिव राजीव सिन्हा (एडवोकेट) ने वीडीए उपाध्यक्ष और जिला प्रशासन को पत्रक देकर अवैध कब्जे की जानकारी दे दी गयी है। पत्रक में उल्लेख किया गया है कि आवास समिति ने सन 1979 ईस्वी में रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पुराना सारनाथ रेलवे स्टेशन के निष्प्रयोज्य करीब नौ एकड़ जमीन को क्रय किया और वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) से लेआउट स्वीकृत कराकर अपने प्लाट धारकों में आवंटित किया। लेआउट में आशापुर-सारनाथ रोड के समानांतर 2000 गुणे 125 फीट जमीन में विकास प्राधिकरण के निर्देशानुसार 2000 गुणे 40 फीट ग्रीन बेल्ट, कॉलोनी रोड और रोड बाइंडिंग के लिए आरक्षित किया गया है।

सचिव राजीव सिन्हा ने पत्रक में उल्लेख किया है कि पूर्व में भी कुछ लोगों ने कॉलोनी के ग्रीन बेल्ट एरिया पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया था। इसके बाबत सिविल जज (सीडी) में समिति की तरफ से किए गए वाद वर्ष-1994 में न्यायालय ने ग्रीन बेल्ट भूमि पर स्थायी रूप से स्टे देते हुए यह निर्देश दिया कि इस भूमि का बागवानी आदि के लिए उपभोग व उपयोग प्लॉटधारक तो कर सकते हैं, परंतु इस पर कोई स्थायी या अस्थायी निर्माण कार्य नहीं कर सकते हैं। उनका कहना है कि इस कॉलोनी के ग्रीन बेल्ट भूमि में से सीवर पाइप और बिजली के अंडरग्राउंड केबल भी गए हुए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जे के प्रयास से कॉलोनीवासियों में काफी रोष है। उन्होंने वीडीए उपाध्यक्ष सहित जिले, मंडल तथा प्रदेश के उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को पत्रक भेजकर कहा है कि यदि इस अवैध निर्माण को वीडीए ने जल्द से जल्द नहीं गिराया तो भविष्य में ग्रीन बेल्ट के अन्य भूमि पर भी कब्जा होने की पूरी संभावना है। वीडीए ने इसे गंभीरता से लिया है।

## न्यायाधीश–दि0 21.12.2024

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सम्बन्धित कार्यशाला आयोजित



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग व मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में 20 दिसम्बर को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना के सम्बन्ध में पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन एवं आर्किटेक्ट/इंजिनियर एसोसिएशन के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा वाराणसी में विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गयी त इसी क्रम में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा भी सहमती व्यक्त करते हुए बहुमंजिली समूह आवासों पर सौर ऊर्जा स्थापित कराए जाने के सम्बन्ध मेंअपना मंतव्य व्यक्त किया गया तथा सभी बिल्डर्स को निर्देशित किया गया कि जिन भी इमारतों का मानचित्र स्वीकृत होता है उनके प्रवेश द्वार पर मानचित्र स्वीकृति का प्रमाणपत्र क्यू0 आर0 के साथ चस्पा किया जाये, जिसे स्कैन करने पर इमारत की सम्पूर्ण जानकारी नक्शे के साथ उपलब्ध हो सके। उक्त बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार एवं सहायक अभियंता रामचंद्र उपस्थित रहे।


## न्यायाधीश–दि0 21.12.2024


# उपाध्यक्ष वाविप्रा ने किया आवंटियों की समस्या का समाधान



वाराणसी।वाविप्रा के लालपुर आवासीय योजना (प्रथम चरण) में भूखण्ड सं0- ए-89 का आवंटन वर्ष 2020 में श्रीमती चन्द्रमुखी सिंह पत्नि भीम सिंह ग्राम-बघावर, पोस्ट-ताहिरपुर, आजमगढ़ किया गया था, परन्तु स्थल पर विवाद होने के कारण रजिस्ट्री एवं कब्जा की कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। 20.12.2024 को उपाध्यक्ष, पुलकित गर्ग, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के विशेष प्रयास से समस्या का समाधान करते हुए आवंटी को भूखण्ड सं0- ए-89 क्षेत्रफल सं0- 121 वर्गमी0 उपलब्ध कराया गया।इसी प्रकार लालपुर आवासीय योजना (प्रथम चरण) में भूखण्ड सं0- ए-100 श्री हीरालाल सिंह पुत्र श्री द्वारिका सिंह को फ्री होल्ड रजिस्ट्री वर्ष- 2007 में प्राधिकरण द्वारा की गयी थी, परन्तु स्थल पर विवाद होने के कारण मौके पर कब्जा की कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। 20.12.2024 को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के विशेष प्रयास से समस्या का समाधान करते हुए स्थल पर 345 वर्गमी0 भूमि का कब्जा प्रदान किया गया। इस प्रकार विगत कई वर्षों से कतिपय समस्याओं से पीड़ित 02 आवंटियों के समस्या का समाधान हो पाया। प्राधिकरण के लालपुर आवासीय योजना के आवंटियों के रजिस्ट्री एवं कब्जा विषयक समस्या के समाधान हेतु उपाध्यक्ष, श्री पुलकित गर्ग द्वारा अपर सचिव, डॉ0 गुडाकेश शर्मा, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी की अध्यक्षता में नगर नियोजक, अधीक्षण अभियन्ता, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) तथा प्रभारी अधिकारी (अवाप्ति) की कमेटी गठित की गयी है। कमेटी द्वारा प्रत्येक सप्ताह बैठक कर समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया जा रहा है, जिसके क्रम में आवंटियों के समस्या का समाधान प्राधिकरण द्वारा प्राथमिकता पर किया जा रहा है। समस्या के समाधान हेतु विशेष प्रयास कर समाधान कराने के लिए उपाध्यक्ष द्वारा श्री प्रभाकर पाण्डेय, नियोजन सलाहकार, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) श्री ए0पी0 तिवारी एवं समस्त सम्पत्ति अनुभाग के कार्मिकों की सराहना करते हुए आवंटियों के समस्याओं को प्राथमिकता पर समाधान करने के निर्देश दिये गये।

## वीडीए जोन-3 ने किया अवैध निर्माण सील




वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड- दशाश्वमेध के अन्तर्गत रथयात्रा चौराहा पर स्थित एस0एन0डी0 हाईट्स मॉल के भूतल पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये ओबरवा एक्सप्रेसो के नाम से बार का संचालन किये जाने हेतु फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा था, जिसे आज दिनाक 20/12/2024 को उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत सील की कार्यवाही की गयी। इस दौरान जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## तरूणमित्र न्यूज–दि0 21.12.2024

# वीडीए वीसी व सीडीओ ने बिल्डर्स, आर्किटेक्ट व इंजीनियर्स संग की बैठक

**☐ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना रहा विषय**



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग व सीडीओ हिमान्शु नागपाल बैठक के दौरान।

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना के सम्बन्ध में पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन एवं आर्किटेक्ट/इंजिनियर एसोसिएशन के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ परियोजना अधिकारी (UPNEDA) शशी कुमार द्वारा केंद्र सरकार द्वारा बहुमंजिली समूह आवास योजनाओं को दी जाने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि 18000 रु/kwp अधिकतम 500kw तक दी जाएगी।मुख्य विकास अधिकारी हिमान्शु नागपाल द्वारा वाराणसी में विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गयी। इसी क्रम में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा भी सहमती व्यक्त करते हुए बहुमंजिली समूह आवासों पर सौर ऊर्जा स्थापित कराए जाने के सम्बन्ध में अपना मंतव्य व्यक्त किया गया तथा सभी बिल्डर्स को निर्देशित किया गया कि जिन भी इमारतों का मानचित्र स्वीकृत होता है उनके प्रवेश द्वार पर मानचित्र स्वीकृति का प्रमाणपत्र क्यू0 आर0 के साथ चस्पा किया जाये , जिसे स्कैन करने पर इमारत की सम्पूर्ण जानकारी नक्शे के साथ उपलब्ध हो सके। उक्त बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार एवं सहायक अभियंता रामचंद्र तथा यू0पी0नेडा से गौरव कुमार उपस्थित रहे।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 21.12.2024

# वीडीए की लालपुर आवासीय योजना में आवंटी को मिला कब्जा




वाराणसी (**संवाददाता**)। वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के लालपुर आवासीय योजना (प्रथम चरण) में भूखण्ड सं0- ए-89 का आवंटन वर्ष 2020 में श्रीमती चन्द्रमुखी सिंह पत्नी भीम सिंह ग्राम-बघावर, पोस्ट-ताहिरपुर, आजमगढ किया गया था, परन्तु स्थल पर विवाद होने के कारण रजिस्ट्री एवं कब्जा की कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। आज दिनांक 20.12.2024 को उपाध्यक्ष, श्री पुलकित गर्ग, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के विशेष प्रयास से समस्या का समाधान करते हुए आवंटी को भूखण्ड सं0- ए-89 क्षेत्रफल सं0- 121 वर्गमी0 उपलब्ध कराया गया।

इसी प्रकार लालपुर आवासीय योजना (प्रथम चरण) में भूखण्ड सं0- ए-100 श्री हीरालाल सिंह पुत्र श्री द्वारिका सिंह को फ्री होल्ड रजिस्ट्री वर्ष- 2007 में प्राधिकरण द्वारा की गयी थी, परन्तु स्थल पर विवाद होने के कारण मौके पर कब्जा की कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। आज दिनांक 20.12.2024 को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के विशेष प्रयास से समस्या का समाधान करते हुए स्थल पर 345 वर्गमी0 भूमि का कब्जा प्रदान किया गया।

इस प्रकार विगत कई वर्षों से कतिपय समस्याओं से पीड़त 02 आवंटियों के समस्या का समाधान हो पाया। प्राधिकरण के लालपुर आवासीय योजना के आवंटियों के रजिस्ट्री एवं कब्जा विषयक समस्या के समाधान हेतु उपाध्यक्ष, श्री पुलकित गर्ग द्वारा अपर सचिव, डॉ0 गुडाकेश शर्मा, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी की अध्यक्षता में नगर नियोजक, अधीक्षण अभियन्ता, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) तथा प्रभारी अधिकारी (अवाप्ति) की कमेटी गठित की गयी है। कमेटी द्वारा प्रत्येक सप्ताह बैठक कर समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया जा रहा है, जिसके क्रम में आवंटियों के समस्या का समाधान प्राधिकरण द्वारा प्राथमिकता पर किया जा रहा है। समस्या के समाधान हेतु विशेष प्रयास कर समाधान कराने के लिए उपाध्यक्ष द्वारा श्री प्रभाकर पाण्डेय, नियोजन सलाहकार, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) श्री ए0पी0 तिवारी एवं समस्त सम्पत्ति अनुभाग के कार्मिकों की सराहना करते हुए आवंटियों के समस्याओं को प्राथमिकता पर समाधान करने के निर्देश दिये गये।

काशीवार्ता—दि0 21.12.2024

## ध्वस्तीकरण कार्रवाई, 12 बीघा अवैध प्लॉटिंग नष्ट

वाराणसी (काशीवार्ता)। विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने जोन-4 के अंतर्गत 12 बीघे में अवैध प्लॉटिंग का ध्वस्तीकरण किया। यह कार्रवाई वार्ड नगवाँ और थाना रोहनिया के सदलपुर, मिसिरपुर, और मीरापुर में की गई। यहां बिना ले-आउट स्वीकृत किए गए लगभग 12 बीघे में प्लॉटिंग की गई थी। टीम ने पुलिस बल की मदद से उक्त निर्माण को ध्वस्त किया। प्रवर्तन दल में जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता आर.के. सिंह, आदर्श कुमार निराला सहित अन्य अधिकारी और पुलिस बल शामिल रहे। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने आम जनता से अपील की है कि केवल स्वीकृत ले-आउट प्लॉट ही खरीदें और बिना मानचित्र स्वीकृत किए निर्माण कार्य न करें।